राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक आयोजित

कोरोना जागरुकता अभियान में आवश्यक सहयोग करें पूर्व सैनिक

जन अनुशासन की सख्ती से पालना कर कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ें – राज्यपाल

जयपुर, 2 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूर्व सैनिकों से कोरोना जागरुकता अभियान में सहयोग का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा घोषित 'महामारी रेड अलर्ट जन अनुशासन पखवाड़ा' का बचाव ही मूल मंत्र है। इस अवधि में पूर्ण रूप से कोविड प्रोटोकॉल और सरकार के निर्देशानुसार जन अनुशासन की सख्ती से पालना करें ताकि कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ कर महामारी को और अधिक फैलने से रोका जा सके।

राज्यपाल श्री मिश्र गुरुवार को यहां राजभवन से राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक को ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक के दौरान संबंधित जिला प्रशासन के अधीन उचित उपकरण एवं आवश्यक संसाधनों से लैस पूर्व सैनिकों की टास्क फोर्स का गठन करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि यह टास्क फोर्स कोरोना से बचाव और महामारी से ग्रस्त लोगों के प्रभावी और समय पर इलाज में सहयोगी बन सकती है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि पूर्व सैनिकों में अनुशासित रह कर कार्य करने की अद्भुत क्षमता होती है और संकट के इस समय में वे सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करें। उन्होंने कहा कि महामारी के दौर में भी पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और उनके परिजनों के लिए संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें सुचारू रूप से मिलता रहे, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए।

राज्यपाल श्री मिश्र ने आमजन से अपील की है कि महामारी के प्रकोप से बचने के लिए सभी आवश्यक सावधानियों का पालन करें लेकिन भय की मानसिकता को अपने ऊपर हावी नहीं होने दें तथा ऑक्सीजन और दवाइयों के अनावश्यक भंडारण से बचें। उन्होंने कहा कि जो लोग टीकाकरण के पात्र हैं वे आवश्यक रूप से दोनों टीके लगवाएं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों के साथ संवाद कर महामारी के दौर में गौरव सेनानियों के समक्ष आ रही चुनौतियों तथा रोकथाम एवं बचाव कार्यों में स्वैच्छिक सेवा देने के इच्छुक पूर्व सैनिकों की सेवाएं लेने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। राज्यपाल श्री मिश्र ने पूर्व सैनिकों के साथ भी संवाद कर उनके विचार जाने।

सैनिक कल्याण मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राज्य सरकार विपदा की इस घड़ी में आमजन के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं को सुरक्षित रखते हुए दूसरे लोगों को कोविड प्रोटोकॉल की पालना के लिए जागरुक करना होगा तभी महामारी की चेन तोड़ी जा सकेगी।

सैनिक कल्याण विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री आनंद कुमार, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के निदेशक ब्रिगेडियर (से. नि.) वी.एस. राठौड़, रेक्स्को के एमडी ब्रिगेडियर (से. नि.) राजकुमार बल्वदा ने भी बैठक में सम्बोधित किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने बैठक में उपस्थितजन को संविधान की उद्देश्यिका एवं मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

इस दौरान राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड एवं सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारीगण तथा विभिन्न जिलों के सैनिक कल्याण अधिकारी उपस्थित थे।

————